फायर स्टेशन एवं थाना साइबर क्राइम का एएसपी ने किया निरीक्षण

चित्रकूट। एएसपी पीयूषकान्त राय ने क्षेत्राधिकारी फायर यदुनाथ सिंह की उपस्थिति में फायर स्टेशन चित्रकूट एवं थाना साइबर क्राइम का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान फायर स्टेशन में अग्निशमन वाहनों, अग्निशमन उपकरणों एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता तथा उनके रखरखाव का जायजा लिया। साथ ही अग्निशमन कर्मियों की ड्यूटी, आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया एवं अग्निकांड की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

थाना साइबर क्राइम का निरीक्षण करते हुए साइबर अपराध से संबंधित प्रार्थना पत्रों, पंजीकृत अभियोगों की विवेचना, लंबित प्रकरणों के निस्तारण एवं अभिलेखों के रखरखाव की समीक्षा की गयी।

अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा साइबर अपराध से संबंधित शिकायतों पर त्वरित एवं प्रभावी कारवाई करने, पीड़ितों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने तथा लंबित विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ करने तथा जनसामान्य को बेहतर पुलिस सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।



थाने का निरीक्षण करते अपर पुलिस अधीक्षक ।



बैठक में निर्देश देतीं सचिव।

सचिव ने पैरालीगल वालेंटियर्स के साथ की बैठक

चित्रकूट। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश शेषमणि शुक्ला के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव इला चौधरी ने मासिक एक्शन प्लान में उल्लिखित कार्यक्रमों एवं एक नवम्बर को आयोजित होने वाले मेगा वृहद सहायता एवं सेवा शिविर को सफल बनाने के लिए प्राधिकरण कार्यालय में कार्यरत पैरालीगल वालेण्टियर्स की बैठक आहूत की गयी।

बैठक में सचिव द्वारा समस्त पैरालीगल वालेण्टियर्स को निर्देशित किया गया कि जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में आगामी मेगा वृहद सहायता एवं सेवा शिविर के विषय पर अधिक से अधिक विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आम जनता को जानकारी प्रदान की जानी है। मेगा वृहद सहायता एवं सेवा शिविरष्केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित निर्बल वर्ग, निर्धन वर्ग, दिव्यागों, बच्चों, महिलाओं, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति तथा असंगठित क्षेत्र के श्रमिक के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध में विधिक जानकारी प्रदान करना एवं पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करना है। इस अवसर पर बलवीर सिंह, मुन्नालाल विश्वकर्मा, सीता देवी, कृष्णौतार, आशीष शुक्ला, दीपक सिंह, साहिल, राजेन्द्र सविता, सन्तोष कुमार, महेन्द्र प्रताप सिंह, चन्द्रभान, रवी कुमार, साकेत सैनी, ममता वर्मा, उपासना, राजेश कुमार, विनोद कुमार, शिवम, अग्नेश सिंह, उर्मिला देवी पैरालीगल वालेण्टियर्स उपस्थित रहे।

नवरात्रः प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी.....

चित्रकूट। शारदीय नवरात्र को लेकर शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक देवी मां की अपराधना से माहौल भक्तिमय हो गया। देवी मंदिरों से लेकर भव्य पूजा पंडालों तक मां दुर्गा के जयकारे गूंज रहे हैं। कहीं आकर्षक विद्युत सजावट लोगों का मन मोह रही है तो कहीं मां के दर्शन के लिए भक्तों की कतारें लगी हैं। हर ओर देवी गीतों की गूंज सुनाई दे रही है।

विकास कार्यों में भ्रष्टाचार का आरोप, सौंपा ज्ञापन

चित्रकूट। भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिला अध्यक्ष संजय कुमार गौतम के नेतृत्व में बुधवार को डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत छेछरिहा खुर्द, मजरा आनंदपुर में विकास कार्यों में भारी भ्रष्टाचार किया गया है। खड़ंजे का पैसा निकाल लिया गया पर खड़ंजा नहीं बना। बरसात में लोगों के घरों में पानी घुस रहा है। कई गरीबों के घर गिर गये हैं। जिनको सरकार की तरफ से अभी तक कोई मुआवजा नहीं मिला। इसकी उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों पर कारवाई की जाय। ग्राम पंचायत चिल्ला माफी' में पिछले 'डेढ़ महीने से बिजली, ट्रांसफार्मर खराब' पड़ा है। ग्रामीणों ने कई बार शिकायत की पर कोई सुनवाई नहीं हुई। पूरा गांव अंधेरे में रहने को मजबूर है। मांग किया कि गांवों में रुके हुए सभी विकास कार्य अविलंब शुरू कराये जाएं। भीम आर्मी ने चेताया कि अगर १५ दिन के भीतर इन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीणों के साथ जिला मुख्यालय पर बड़ा आंदोलन करेगें।

इस अवसर पर जिला महासचिव श्रीपाल प्रजापति, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष देवशरण चौधरी, रामनाथ वर्मा, सोनू दिनकर, राजेंद्र प्रसाद, रज्जू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

एमएलसी निर्दलीय प्रत्याशी को सीपीआई का मिला समर्थन

चित्रकूट। इलाहाबाद झांसी स्नातक खंड निर्वाचन में निर्दलीय प्रत्याशी समाजसेवी अधिवक्ता रमेश चंद्र दुबे को सीपीआई के समर्थन देने के निर्णय से स्नातक समर्थकों में उत्साह बढ़ गया।

प्रत्याशी ने अपने साथियों के साथ कचहरी में अधिवक्ताओं से मिलकर क्षेत्र के चहुंमुखी विकास एवं उपेक्षित लोगों के साथ न्याय करने की पहल कर भाकपा नेता रामचन्द्र सरस एवं सीपीआई जिला सचिव अमित यादव एड एवं तमाम कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर युवाओं, छात्रों, महिलाओं, किसानों, मजदूरों की बुनियादी समस्याओं को दूर करने में विजय दिलाने के लिए जनसमर्थन मांगा। जिसमें अधिवक्ताओं ने कहा अब बदलाव जरूरी है। प्रत्याशी ने सीपीएम नेता रुद्र प्रसाद मिश्र, कांग्रेसी नेता कुशल सिंह पटेल एवं आप नेता संतोषी लाल शुक्ला से भी मिलकर समर्थन मांगा।

इस दौरान संदीप कुमार पांडेय, रामस्वरूप, अश्विनी, शिशिर सोनी सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

एआई के शैक्षिक उपयोग पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

चित्रकूट। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय में शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआई का प्रयोग विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इसमें अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी, प्रबंधन, कला, कृषि तथा विज्ञान संकायों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए एआई के शैक्षिक उपयोग की संभावनाओं, लाभों और चुनौतियों पर प्रभावशाली तर्क प्रस्तुत किए। इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों में तार्किक चिंतन, आत्मविश्वास, प्रभावी संवाद और समसामयिक तकनीकी विषयों की समझ को प्रोत्साहित किया गया। प्रतियोगिता ने यह संदेश दिया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में विद्यार्थियों के लिए तकनीकी ज्ञान के साथ विवेकपूर्ण चिंतन और स्वतंत्र विचार क्षमता भी आवश्यक है। प्रतियोगिता के पक्ष में जशस्विनी नायक ने प्रथम, प्रिंस प्रजापति ने द्वितीय तथा हिमांशी सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं विपक्ष में प्रियंका लेका प्रथम स्थान पर रहीं। आकांक्षा त्रिपाठी एवं सोनम शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में प्रो. साधना चौरसिया, प्रो. सीपी गूजर एवं डा. धर्मेंद्र सिंह शामिल रहे। प्रतियोगिता का संयोजन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय के अधिष्ठाता डा. रविकांत ने किया।

सड़क हादसों में चार लोग घायल

चित्रकूट। सदर कोतवाली क्षेत्र के रगौली कसहाई मार्ग पर आमने सामने से बाइक की टक्कर में तीन युवक घायल हो गये। इसके अलावा शिवरामपुर मार्ग पर सड़क में गड्ढे में बाइक फंसने से गिरा एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कसहाई गांव निवासी लाल बहादुर ने बताया कि बुधवार की सुबह वह बाइक से घर की ओर जा रहे थे। जैसे ही रगौली गांव के पास पहुंचे तो सामने से आई बाइक ने उनकी बाइक पर टक्कर मार दी। इसमें उनके साथ दूसरी बाइक सवार रगौली निवासी अब्दुल हनीफ और संतोष कुमार घायल हो गये। इसके अलावा शिवरामपुर नहर मार्ग की सड़क पर गडढे में मकरी पहरा निवासी रामबहोरी की बाइक का पहिया फंस गया। इससे वह गिरकर घायल हुआ।

खून की कालाबाजारी करने वाले गिरोह और ब्लड बैंक पर मुकदमा दर्ज

जौनपुर। शहर में मानवता को शर्मसार करने वाला सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। नाबालिग बच्चों को पैसों का प्रलोभन देकर उनका खून निकालने और उसकी अवैध रूप से कालाबाजारी करने के आरोप में कोतवाली पुलिस ने एक ब्लड बैंक और खून निकलवाने वाले गिरोह के विरुद्ध गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। प्राथमिक जांच के अनुसार, नगर के विभिन्न मोहल्लों में यह काला कारोबार लंबे समय से सक्रिय था। गिरोह के सदस्य गरीब और जरूरतमंद नाबालिग लड़कों को बहला-फुसलाकर चंद पैसों का लालच देते थे और ब्लड बैंक ले जाकर उनका रक्तदान करवाते थे। आरोप है कि ब्लड बैंक प्रबंधन द्वारा बिना किसी गहन चिकित्सीय परीक्षण एवं पड़ताल के, अन्य व्यक्तियों के पहचान पत्रों का दुरुपयोग कर नाबालिगों का रक्त निकाला और संग्रहीत किया जा रहा था। मामला संज्ञान में आने के बाद कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि इस गिरोह के तार अन्य स्थानों से भी जुड़े हो सकते हैं और जल्द ही इसमें शामिल अन्य चेहरों को बेनकाब किया जायेगा।

किसानों को मिलेगा ४५० क्विंटल उन्नतशील आलू बीज

जौनपुर। जनपद के आलू उत्पादक कृषकों को उच्च गुणवत्तायुक्त प्रमाणित बीज उपलब्ध कराने के लिए उद्यान विभाग ने कार्ययोजना तैयार कर ली है। जिला उद्यान अधिकारी डा. सीमा सिंह राणा ने बताया कि जनपद के लिए कुल ४५० क्विंटल आलू बीज का कोटा निर्धारित किया गया है।



पूर्वांचल विवि में ड्रोन तकनीक बूटकैंप के दौरान छात्रों को संबोधित करतीं सी-डैक की वैज्ञानिक डा. कल्पना जौहरी।

सुरक्षा और कानूनी प्रावधानों पर पूर्वांचल विवि में मंथन

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संस्थान अंतर्गत इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग विभाग द्वारा सी-डैक (ण-ॐण) नोएडा के सहयोग से आयोजित पांच दिवसीय 'मानव रहित विमान प्रणाली एवं उसका उपयोग' बूटकैंप के तीसरे दिन छात्र-छात्राओं को प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रथम सत्र में सी-डैक नोएडा की वरिष्ठ वैज्ञानिक-एफ डा. कल्पना जौहरी ने 'ड्रोन रूल्स एंड रेगुलेशंस' पर तकनीकी व्याख्यान दिया। उन्होंने देश में ड्रोन संचालन से जुड़े वैधानिक नियमों, एयरस्पेस वर्गीकरण, उड़ान सुरक्षा, पंजीकरण और उत्तरदायी उपयोग के कानूनी पहलुओं को रेखांकित किया। कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने कार्यशाला का औचक निरीक्षण कर छात्रों के तकनीकी कौशल की सराहना की और नवाचार पर जोर दिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने लिडार तकनीक, सेंसर एकीकरण और ड्रोन असेंबली का प्रत्यक्ष प्रशिक्षण लिया। कार्यक्रम में डा. संतोष कुमार त्रिपाठी, डा. प्रवीण कुमार सिंह, शैलेश प्रजापति, सुधीर सिंह और डा. रीतेश बरनवाल सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।



विकास भवन में आयुष्मान योजना की प्रगति की समीक्षा करते सीडीओ नरेंद्र बहादुर सिंह।

नदी में डूबा युवक तलाश जारी

जौनपुर। जलालपुर थाना क्षेत्र में पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे २१ वर्षीय युवक प्रिंस उर्फ बंटी के नदी में डूबने से हड़कंप मच गया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, प्रिंस प्रतिदिन की तरह मंगलवार शाम करीब पांच बजे दौड़ लगाने गया था। अभ्यास पूरा करने के उपरांत वह पास ही स्थित नदी किनारे हाथ-पैर धोने लगा, तभी अचानक पैर फिसलने से वह गहरे पानी में समा गया। साथ मौजूद दोस्तों ने उसे बचाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन बहाव तेज होने के कारण सफलता नहीं मिली। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से घंटों खोजबीन कराई, लेकिन देर शाम तक युवक का पता नहीं चल सका। अब युवक की तलाश के लिए एनडीआरएफ की मदद ली जा रही है।

कोविड कर्मियों के सत्यापन एवं आयुष्मान योजना की प्रगति की समीक्षा

२,१५० अंत्योदय कार्डधारकों का डाटा तत्काल पोर्टल पर अपलोड कराये- सीडीओ

जौनपुर। मुख्य विकास अधिकारी नरेंद्र बहादुर सिंह ने कोविड-१९ प्रबंधन के दौरान तैनात रहे ऐसे संविदा एवं आउटसोर्स कर्मियों के अभिलेख सत्यापन और अनुभव प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में गठित समिति के साथ समीक्षा बैठक की, जिनका पंजीकरण पूर्व में तकनीकी कारणों से उपस्थिति प्रबंधन प्रणाली पर नहीं हो सका था। सीडीओ ने सीएमओ को सभी पत्रावलियों की नियमानुसार जांच कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये।

इसके साथ ही 'जीरो पावर्टी' अभियान के अंतर्गत आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जिले में २,१५० अंत्योदय कार्डधारकों का डाटा पोर्टल पर अपलोड होना शेष है। इस पर सीडीओ ने जिला पूर्ति अधिकारी और स्वास्थ्य विभाग को आपसी समन्वय बनाकर अवशेष लाभार्थियों का डाटा तत्काल अपलोड कराने के निर्देश दिये।

दहेज में बुलेट बाइक न मिलने पर विवाहिता की हत्या का आरोप

ससुरालियों पर केस दर्ज

जौनपुर। जलालपुर थाना क्षेत्र के हौज नवाबाद गांव में मंगलवार देर रात एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिलने से सनसनी फैल गयी। मृतका के मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल न मिलने पर हत्या कर शव फंदे से लटकाने का गंभीर आरोप लगाया है। कादीपुर गांव निवासी लक्ष्मी नारायण ने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री शशिबाला का विवाह कुछ वर्ष पूर्व हौज नवाबाद निवासी दुर्गेश पुत्र राजपत के साथ किया था। विवाह के समय एक लाख रुपये नकद, सोने के आभूषण एवं अन्य गृहस्थी का सामान दिया गया था, लेकिन ससुराल के लोग लगातार बुलेट बाइक की मांग को लेकर शशिबाला को प्रताड़ित कर रहे थे। मंगलवार रात उन्हें शशिबाला द्वारा आत्महत्या किए जाने की सूचना दी गयी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मृतका के पिता की तहरीर पर पति, सास-ससुर एवं ननद सहित अन्य ससुरालियों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

हनुमान मंदिर के सामने खुला श्री दुर्गा पूजा महासमिति का केंद्रीय नियंत्रण कक्ष

एडीएम, एएसपी एवं सीओ ने संयुक्त रूप से किया उद्घाटन

जौनपुर। श्री दुर्गा पूजा महासमिति के केंद्रीय नियंत्रण कक्ष का भव्य उद्घाटन नगर के कोतवाली चौराहा स्थित हनुमान मंदिर के सामने विधिवत संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी (भू/अ) अजय अंबष्ट, विशिष्ट अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक नगर अनंत चंद्रशेखर तथा क्षेत्राधिकारी नगर सम्यक चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने निर्णायक मंडल के सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। महासमिति के अध्यक्ष मनीष देव मंगल ने कहा कि विजयादशमी पर मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा पूर्ण भव्यता और अनुशासन के साथ निकाली जायेगी तथा शक्ति विसर्जन कुंड में मर्यादा के साथ विसर्जन संपन्न होगा। अधिकारियों ने महासमिति को विसर्जन मार्गों पर चाक-चौबंद सुरक्षा, प्रकाश और सफाई व्यवस्था का भरोसा दिलाया। संचालन महासचिव मनीष गुप्ता ने किया।

सीएमओ ने सीएचसी मछलीशहर का किया औचक निरीक्षण

जौनपुर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. गंगाराम गौतम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मछलीशहर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यस्थल पर मौजूद होने के बावजूद उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर न करने वाले संविदा कर्मियों को उन्होंने कड़ी चेतावनी देते हुए नियमित हस्ताक्षर सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। सीएमओ ने अस्पताल के प्रसव कक्ष, एएनसी कक्ष और ड्रग स्टोर का जायजा लिया। दवा भंडार में आवश्यक औषधि उन्होंने फार्मासिस्ट को एक्सपायरी के निकट वाली दवाओं का त्वरित प्रबंधन करने के निर्देश दिये। लाभार्थियों के बैंक पासबुक एवं पहचान पत्रों के त्वरित संकलन के निर्देश दिये ताकि प्रोत्साहन राशि का भुगतान न रुके।

कलरवमें शकुन विद्या निकेतनका शानदार प्रदर्शन

बास्केटबालमें बालक अंडर-१७ एवं अंडर-१९ वर्गमें बनी विजेता

शकुन विद्या निकेतन में आयोजित तीन दिवसीय अंतरविद्यालयीय महोत्सव 'कलरव ३.०' में शकुन विद्या निकेतन ने शानदार प्रदर्शन करते बास्केटबाल प्रतियोगिता के

प्रयागराज खेल

बालक वर्ग में अंडर-१७ एवं अंडर-१९ आयु वर्ग के फाइनल जीतकर जीतकर दोहरे खिताब पर कब्जा जमाया। महोत्सव में १९ विद्यालयों की ४१ टीमों के ४७२ विद्यार्थियों ने भाग लिया। बास्केटबाल प्रतियोगिता में शकुन विद्या निकेतन ने बालक अंडर-१७ और अंडर-१९ दोनों वर्गों में प्रथम स्थान हासिल करने के साथ बालिका अंडर-१४ वर्ग में विद्यालय की टीम उपविजेता रही, जबकि बालिका अंडर-१९ और बालक अंडर-१४ वर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त किया। बास्केटबाल में बालक वर्ग में अंडर-१४ में गुरुकुल मोंटेसरी स्कूल, सेंट जोसेफ कालेज, शकुन विद्या निकेतन, अंडर-१७ में शकुन विद्या निकेतन, संस्कार इंटरनेशनल स्कूल और पतंजलि ऋषिकुल स्कूल, अंडर-१९ में शकुन विद्या निकेतन, गुरुकुल मोंटेसरी स्कूल और बिशप जानसन स्कूल क्रमशः पहले से तीसरे स्थान पर रहा। बालिकाओं के अंडर-१४ में पतंजलि ऋषिकुल स्कूल, शकुन विद्या निकेतन और गुरुकुल मोंटेसरी स्कूल, अंडर-१९ में पतंजलि ऋषिकुल स्कूल, संस्कार इंटरनेशनल स्कूल और शकुन विद्या निकेतन को क्रमशः पहले से तीसरा स्थान मिला। वालीबाल प्रतियोगिता के बालिका अंडर-१९ वर्ग में पतंजलि ऋषिकुल स्कूल की टीम ए पहले, महाप्रभु पब्लिक स्कूल दूसरे और पतंजलि ऋषिकुल स्कूल की टीम बी तीसरे स्थान पर रही। बालक अंडर-१४ वर्ग में केवीसीआरएफ की टीम विजेता रही। एमवी कान्वेंट, गौहनिया ने दूसरा और एमपीवीएम गंगा गुरुकुल ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर-१९ वर्ग में केंद्रीय विद्यालय, नैनी ने प्रथम, सेंट्रल अकादमी ने द्वितीय और शकुन विद्या निकेतन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महोत्सव का उद्घाटन राष्ट्रीय वालीबाल खिलाड़ी प्रभात कुमार राय ने किया, जबकि समापन समारोह में सीबीएसई के क्षेत्रीय अधिकारी अनिल जैन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। तीन दिवसीय आयोजन के दौरान खेलकूद के अलावा साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में वक्तृत्व कला, समूह नृत्य, संगीत बैंड, समूहगान की प्रस्तुति हुई।



विद्यालय की प्रधानाचार्या शकुंतला मिश्रा, उपप्रधानाचार्या आकांक्षा मिश्रा और खेल समन्वयक गौरांग मिश्रा ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया। बास्केटबाल कोच अमन कुमार यादव ने कार्यक्रम का संचालन किया। समारोह में प्रो. मृत्युंजय राव परमार, प्रो. अंशुमान मिश्रा, सीए अतुल मिश्रा, सीए अंबुज शुक्ला एवं सीए अभिषेक जायसवाल भी अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस मौके पर रंजना सिंह, सिलिंदी तिवारी, सविता त्रिपाठी, विंध्यवासिनी, डॉ. उर्मिला शर्मा, आरएस चित्रांशी, अनुराग पांडेय, रमेश शास्त्री, अखिलेश कुमार पांडेय मौजूद रहे।

राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैम्पियनशिपके लिए वाईसीएससी के छः खिलाड़ी चयनित

पंजाब के पटियाला स्थित सुशीला देवी पब्लिक स्कूल में १५ से २१ अक्टूबर तक आयोजित होने वाली सीबीएसई राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए वाईएमसीए सेंटेनरी स्कूल एवं कालेज (वाईसीएससी) के छह खिलाड़ियों का चयन किया गया है। खिलाड़ियों के चयन से विद्यालय में खुशी का माहौल है। विद्यालय की प्रधानाचार्य रीमा मसीह के अनुसार चयनित खिलाड़ियों में त्रिपर्णा दत्ता, श्रीपर्णा दत्ता, माही सिंह, अनन्या श्रीवास्तव, प्रिंस यादव और सुंदरम यादव शामिल हैं। सभी खिलाड़ी अंडर-१९ वर्ग में प्रतिभाग करेंगे। त्रिपर्णा दत्ता २०० और ४०० मीटर दौड़, ४ गुणे १०० मीटर तथा ४ गुणे ४०० मीटर रिले में प्रतिभाग करेंगी। श्रीपर्णा दत्ता ८०० मीटर दौड़ और ४ गुणे १०० मीटर व ४ गुणे ४०० मीटर रिले में हिस्सा लेंगी। माही सिंह ४०० गुणे ४ मीटर और १०० गुणे मीटर रिले स्पर्धाओं में भाग लेंगी।



अनन्या श्रीवास्तव भी ४ गुणे ४०० मीटर और ४ गुणे १०० मीटर रिले में प्रतिभाग करेंगी। प्रिंस यादव १५०० मीटर दौड़, जबकि सुंदरम यादव तीन किलोमीटर दौड़ में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। विद्यालय के निदेशक एच. वाटर्स और सभी स्टाफ सदस्यों ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

इलाहाबाद पश्चिम सेमीफाइनलमें, इलाहाबाद उत्तरीकी रोमांचक जीत

नीलम करवरिया कप क्रिकेट प्रतियोगिता में बुधवार को इलाहाबाद पश्चिम ने इलाहाबाद दक्षिण को आठ विकेट से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। वहीं, दूसरे मुकाबले में इलाहाबाद उत्तरी ने रोमांचक संघर्ष में कोरांव विधानसभा को महज एक रन से हराकर प्रतियोगिता में पहली जीत दर्ज की। इलाहाबाद पश्चिम की जीत के नायक आदित्य राज तिवारी और सागर शर्मा रहे, जबकि इलाहाबाद उत्तरी की जीत में राहुल राज पाल ने ९१ रनों की शानदार पारी खेलकर अहम भूमिका निभाई। केपी कालेज मैदान पर खेले गए पहले मुकाबले में टास हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इलाहाबाद दक्षिण की टीम २० ओवर में १११ रन ही बना सकी। टीम की ओर से निशांत कुशवाहा ने ४१ रन बनाए, जबकि अक्षत पाण्डेय और अमर काला ने १६-१६ रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी में देव प्रकाश शुक्ला ने दो विकेट चटकाए।



आदित्य राज तिवारी और आतिफ साजिद को भी दो-दो सफलताएं मिलीं। जवाब में इलाहाबाद पश्चिम ने सागर शर्मा की नाबाद ५९ रनों की शानदार पारी और आदित्य राज तिवारी के ४४ रनों की बदौलत १६.१ ओवर में दो विकेट खोकर ११२ रन बनाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। सागर ने ४९ गेंदों पर नौ चौके और एक छक्का लगाया, जबकि आदित्य ने ३८ गेंदों पर पांच चौके और तीन छक्के जड़े। गेंदबाजी में अमर काला और अक्षत पाण्डेय को एक-एक विकेट मिला। आदित्य राज तिवारी को उनके बहुमुखी प्रदर्शन के लिए प्लेयर आफ द मैच चुना गया। दिन के दूसरे मुकाबले में इलाहाबाद उत्तरी ने कोरांव विधानसभा को एक रन से हराकर रोमांचक जीत दर्ज की। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इलाहाबाद उत्तरी की टीम ने निर्धारित २० ओवर में १३९ रन बनाए। टीम की ओर से राहुल राज पाल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए ६८ गेंदों पर ९१ रन ठोके। उनकी पारी में १४ चौके और एक छक्का शामिल रहा। अंशुमान पाण्डेय ने १७ रन बनाए। कोरांव की ओर से अनंत कुमार गुप्ता और श्याम सुंदर ने दो-दो विकेट लिए, जबकि कुणाल मिश्र को एक सफलता मिली। १४० रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोरांव विधानसभा की टीम निर्धारित २० ओवर में १३८ रन ही बना सकी और उसे एक रन से हार का सामना करना पड़ा। कोरांव की ओर से शाश्वत प्रताप ने ५२, अनुराग यादव ने ३४ और सचिन ओझा ने २३ रनों की उपयोगी पारियां खेलीं, लेकिन टीम लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी। इलाहाबाद उत्तरी की ओर से सुव्रत प्रसाद तिवारी ने दो विकेट लिए, जबकि प्रथम मिश्र और अंशुमान पाण्डेय को एक-एक विकेट मिला। शानदार बल्लेबाजी के लिए राहुल राज पाल को प्लेयर आफ द मैच चुना गया।

चमरौंहा पुल स्वीकृत होने के बाद जनप्रतिनिधियों में बढ़ी रार

चित्रकूट। जनपद के पूर्व विधायक एवं भाजपा समर्थित अपना दल एस के मानिकपुर विधायक के बीच जवाबी तीर चल रहे हैं जो सोशल मीडिया में वायरल हैं। पूर्व विधायक ने सपा कार्यकाल के कार्यों की सराहना करते देखे जा रहे हैं।

बता दें कि मानिकपुर विधानसभा से भाजपा के विधायक रहे आनंद शुक्ला सोशल मीडिया में विकास को लेकर वर्तमान विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी पर तंज कसते नजर आ रहे हैं। उन्होंने वायरल वीडियो में कहा कि सवा दो वर्ष के कार्यकाल में कई पुल एवं सड़कों का निर्माण कराया है। इसी बीच चमरौहा पुल के लिए सूबे के मुखिया से मुलाकात कर स्वीकृत करने की बात रखी थी। इसी विधानसभा के तीरमऊ गांव में बुन्देलखंड विकास निधि से सड़क का लोकार्पण हो गया, लेकिन सड़क नदारद हैं। मौजूद जनता से वायरल वीडियो में बातचीत कर सड़क निर्माण न होने की बात दोहराई है।

एसपी ने वन स्टाप सेंटर का किया भ्रमण

चित्रकूट। मिशन शक्ति फेज-६ अभियान के क्रम में एसपी अरुण कुमार सिंह ने एएसपी पीयूषकान्त राय', सीओ यातायात करिश्मा गुप्ता एवं सीओ सिटी सत्येन्द्र सिंह' की उपस्थिति में वन स्टाप सेंटर का भ्रमण किया।

भ्रमण के दौरान एसपी ने वन स्टाप सेंटर की व्यवस्थाओं, पीड़िताओं को दी जा रही सुविधाओं, परामर्श, विधिक सहायता, चिकित्सीय सहायता एवं आवासीय व्यवस्था का जायजा लिया। कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान सेंटर में आश्रय ले रही पीड़िताओं से वार्ता कर उनका कुशलक्षेम जाना और दीपावली पर्व से संबंधित सामग्री एवं उपहार' वितरित किये गये। एसपी ने मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्य 'नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी संरक्षण एवं नारी स्वावलंबन के बारे में विस्तार से जागरूक किया।

उत्तर मध्य रेलवे

सार्वजनिक नोटिस

(अन्तर्गत धारा 20एफ (4) रेलवे अधिनियम 1989 यथा संशोधित 2008)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि केन्द्रीय सरकार ने रेलवे अधिनियम 2008 (2008 का 11) की धारा 20A की उपधारा (1) के अधीन जारी भारत का राजपत्र, आसाधरण भाग-II खण्ड-3 उप-खण्ड (ii) प्राधिकार से प्रकाशित अधिसूचना संख्या 268 (अ) दिनांक 16.01.2026 में प्रकाशित भारत सरकार के रेल मंत्रालय (उत्तर मध्य रेलवे (निर्माण विभाग), प्रयागराज में अधिसूचना संख्या 4578 (अ) दिनांक 17 अगस्त, 2026 (अंतर्गत धारा 20E) (जिसे इसके पश्चात् उक्त अधिसूचना कहा गया है) द्वारा उक्त अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि को उत्तर प्रदेश राज्य के प्रयागराज जिले में विशेष रेल परियोजना, अर्थात 'मानिकपुर-इरादतगंज तीसरी लाईन परियोजना' के निष्पादन, अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के प्रयोजन के लिए अपेक्षित है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के लिए अपने आशय की घोषणा की थी और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 20अ की उपधारा (4) के अधीन दैनिक समाचार पत्रों दैनिक जागरण व अमर उजाला में दिनांक 28 जनवरी 2026 को प्रकाशित किया गया था और इस परियोजना में प्राप्त सभी आक्षेप पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा विचार किया गया। तदनुसार आदेश पारित कर दिए गए है, और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 20इ की उपधारा (1) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है। केन्द्रीय सरकार को सक्षम प्राधिकारी से उक्त रिपोर्ट के प्राप्त होने पर और उक्त अधिनियम की धारा 20इ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारत का राजपत्र, आसाधारण, भाग-II खण्ड-3 उप-खण्ड (ii) में सं0 4398 (अ) नई दिल्ली दिनांक 19.08.2026 को रेल मंत्रालय [उत्तर मध्य रेलवे (निर्माण विभाग)] की अधिसूचना संख्या का.आ. 4578 (अ) दिनांक 17 अगस्त, 2026 से यह घोषणा कर दी गयी है तथा धारा 20ई की उक्त घोषणा को दैनिक समाचार-पत्र दैनिक जागरण व द टाइम्स आफ इण्डिया के अंक दिनांक 06.09.2026 में सर्वसाधारण के लिए प्रकाशित कराया गया है। अतएव उक्त अधिनियम की धारा 20च की उपधारा (4) में प्रतिकर धनराशि को अवधारित करने से पूर्व इस आशय की सार्वजनिक नोटिस दी जाती है कि अर्जित की जानी भूमि में हितबद्ध सभी व्यक्तियों से इस आशय का दावा आमन्त्रित किया जाता है कि अधिग्रहित भूमि में अपने से संबंधित हित को प्रकृति तथा ऐसे हितों के संबंध में दावे की धनराशि यदि कोई हो तो पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन के भी दावे को साथ संलग्न करते हुए कार्यालय विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी (सं0सं0) कलेक्ट्रेट परिसर प्रयागराज में अपना-अपना पक्ष प्रस्तुत करने का अवसर इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन से एक सप्ताह के अन्दर प्रदान किया जाता है।

2333/26(A) **सक्षम प्राधिकारी/विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी (सं0सं0) प्रयागराज**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in